# विकसित दिल्ली का संकल्प-आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, तेज़ रफ्तार व जनकेंद्रित विकास से बदलती राजधानी की तस्वीर

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली आज केवल इमारतों का शहर नहीं, बल्कि योजनाबद्ध विकास, तेज़ रफ्तार कनेक्टिविटी और मजबूत बुनियादी ढांचे की नई पहचान बन चुकी है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में बीते एक वर्ष ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब नीयत स्पष्ट हो और नीति जनकेंद्रित हो, तो परिवर्तन केवल घोषणाओं में नहीं, बल्कि सड़कों, फ्लाईओवरों, मेट्रो कॉरिडोरों, विश्वविद्यालय परिसरों, गांवों और कॉलोनियों में दिखाई देता है।

दिल्ली सरकार ने केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर लगभग 1.25 लाख करोड़ की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के माध्यम से राजधानी को "डी-कंजेस्ट", "ग्रीन" और "फ्यूचर-रेडी" बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। यह केवल विकास नहीं, बल्कि एक नए शहरी मॉडल की शुरुआत है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सक्रियता से दिल्ली आज 'गति' और 'प्रगति' का पर्याय बन रही है।




## मुख्य उपलब्धियाँ

- 180 करोड़ की लागत से निर्मित अत्याधुनिक 6-लेन फ्लाईओवर
- रोज़ाना 1 लाख+ वाहनों को सिग्नल-फ्री राहत
- प्रति वाहन लगभग 14 मिनट की समय बचत
- ईंधन की बचत व प्रदूषण में कमी
- 6 महीनों में रुका हुआ कार्य पूरा – "काम ही सबसे बड़ा विज्ञापन"

## रफ्तार का नया युगः एक्सप्रेसवे, कॉरिडोर और सिग्नल–फ्री दिल्ली



नई दिल्ली। पिछले एक वर्ष में मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने केंद्र सरकार के साथ मिलकर दिल्ली को "डी-कंजेस्ट" करने और शहर की आवागमन क्षमता बढ़ाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इस दिशा में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा हाल ही में उद्घाटित द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-II (UER-II) ने राजधानी की गति को नई ऊँचाई दी है। अब सिंघू बॉर्डर से एयरपोर्ट तक का सफर मात्र 40 मिनट में संभव है।

### सिग्नल-फ्री रफ्तार की ओर बढ़ी दिल्लीः नंद नगरी–गगन सिनेमा 6-लेन फ्लाईओवर राजधानी को समर्पित

दिल्ली की यातायात व्यवस्था को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने 180 करोड़ की लागत से बने नंद नगरी–गगन सिनेमा 6-लेन फ्लाईओवर का लोकार्पण किया। 1,550 मीटर लंबा और 22 मीटर चौड़ा यह फ्लाईओवर प्रतिदिन एक लाख से अधिक वाहनों को सिग्नल-फ्री आवागमन की सुविधा देगा, जिससे प्रति वाहन औसतन 14 मिनट की बचत होगी। वर्षों से रुकी परियोजना को मात्र छह महीनों में पूरा कर जनता को समर्पित करना सरकार की परिणाम-केंद्रित कार्यशैली का प्रमाण है। इससे ईंधन की बचत, मानव-घंटों में कमी और कार्बन उत्सर्जन घटने के साथ पर्यावरण को भी बड़ा लाभ मिलेगा।

### प्रदूषण के खिलाफ 'मिशन मोड' में सरकारः वेस्ट से बन रही हैं सड़कें



दिल्ली सरकार ने बुनियादी ढांचे के निर्माण में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी है। एनएचएआई (**NHAI**) के सहयोग से दिल्ली के 'कूड़े के पहाड़ों' से लाखों मीट्रिक टन कचरे को रीसायकल कर उसे सड़क निर्माण में उपयोग किया जा रहा है। यह न केवल कचरा प्रबंधन का समाधान है, बल्कि हरित बुनियादी ढांचे की ओर एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि दिल्ली का जितना भी वेस्ट होगा, उसे आगामी सड़क परियोजनाओं में खपाया जाएगा ताकि राजधानी को कूड़े से मुक्ति मिल सके।

### ट्रैफिक जाम से मुक्तिः 1.25 लाख करोड़ की विशाल योजनाएं

दिल्ली को "डी-कंजेशन" यानी जाम मुक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से कुल 1.25 लाख करोड़ के रोड प्रोजेक्ट्स पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसमें से 64,000 करोड़ की लागत के कार्य पहले ही सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं, जिससे शहर में आवागमन में तेजी और सुविधा आई है। वर्तमान में 35,000 करोड़ के प्रगतिशील प्रोजेक्ट्स पर कार्य जारी है, जिनमें प्रमुख सड़कें, फ्लाईओवर और एक्सप्रेसवे शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 24,000 करोड़ की लागत वाले नए प्रोजेक्ट्स की डीपीआर (डिज़ाइन प्रॉजेक्ट रिपोर्ट) तैयार की जा रही है, जो दिल्ली को और अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और जाम-मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

### विकसित दिल्ली की ओर : एक वर्ष, एक बदलाव

बीते एक वर्ष में दिल्ली ने यह अनुभव किया कि—
विकास फाइलों से निकलकर ज़मीन पर आया
हर विधानसभा को बराबर महत्व मिला
गांव और कॉलोनियां मुख्यधारा में आईं
शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन को एक साथ जोड़ा गया
मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली आज "रफ्तार + व्यवस्था + अवसर" का मॉडल बन रही है।



### हर कॉलोनी तक विकास

- स्थानीय इंफ्रास्ट्रक्चर का नया ढांचा
- दिल्ली का विकास केवल मुख्य सड़कों तक सीमित नहीं रखा गया। पहली बार विधानसभा स्तर पर विकास को संरचित किया गया।
- MLALAD योजना के अंतर्गत 350 करोड़ का प्रावधान
- 5 करोड़ प्रति विधानसभा
- 1150+ परियोजनाएं स्वीकृत (230 करोड़)
- सड़क, स्ट्रीट लाइट, स्थानीय नागरिक सुविधाएं मजबूत

### प्रमुख आगामी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं

- अंडरग्राउंड टनल : शिव मूर्ति से नेल्सन मंडेला रोड तक 5 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण, जो ट्रैफिक को पूरी तरह अंडरग्राउंड कर देगी।
- एलिवेटेड कॉरिडोर : INA से एयरपोर्ट तक नया एलिवेटेड रोड, जो आगे फरीदाबाद और गुरुग्राम को जोड़ेगा।
- दिल्ली–देहरादून सीधा जुड़ाव : अलीपुर से ट्रोनिका सिटी (UER-II एक्सटेंशन) के जरिए अब हरियाणा से आने वाले यात्री बिना दिल्ली में प्रवेश किए सीधे नोएडा और फरीदाबाद जा सकेंगे।
- सिग्नल फ्री सड़कें : रोहतक रोड, पंजाबी बाग, नांगलोई और आश्रम से बदरपुर की सड़कों को NHAI के माध्यम से जल्द ही सिग्नल फ्री बनाया जाएगा।
- 802.18 करोड़ की लागत से लगभग 400 km सड़कों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है
- दिल्ली के लिए नया ड्रेनेज मास्टर प्लान बनाया गया जिसके अनुसार लगभग 56,000 करोड़ की लागत से दिल्ली के ड्रेनेज इंफ्रास्ट्रक्चर को ठीक किया जायेगा

### पावर और सोलर इंफ्रास्ट्रक्चरः हरित ऊर्जा की ओर कदम

दिल्ली को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार किए गए हैं।
मुबारकपुर में 66/11 **kV** के नए ग्रिड सब-स्टेशन का शिलान्यास किया गया है।
पीएम सूर्यघर योजना के तहत अब तक 20,000 से अधिक घरों में छत पर सोलर प्लांट लगाए जा चुके हैं।
कृषि भूमि पर सोलर प्लांट लगाने के लिए पॉलिसी

### अनधिकृत कॉलोनियों में

- 629 करोड़ का प्रावधान
- 47 कार्य पूरे, 226 प्रगति पर
- 122 किमी सड़क व ड्रेनेज
- 4 लाख नागरिकों को लाभ

### शिक्षा और स्किल इंफ्रास्ट्रक्चर : भविष्य की नींव

दिल्ली केवल आज के लिए नहीं, आने वाले दशकों के लिए तैयार हो रही है।
**GGSIPU** और दिल्ली टीचर यूनिवर्सिटी के लिए भूमि क्रय
दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के लिए 79.4 एकड़ परिसर पर विकास कार्य करने की योजना
5000 छात्रों के लिए आंबेडकर विश्वविद्यालय के धीरपुर कैंपस के निर्माण कार्य की योजना
आईटीआई जहांगीरपुरी में इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन और **IIoT** सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और ऑटोमोबाइल कंपनियों के साथ **MoU** युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ रहे हैं।

### एक वर्ष की बड़ी उपलब्धियां

- 1.25 लाख करोड़ के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स
- एक्सप्रेसवे और सिग्नल-फ्री कॉरिडोर
- 1150+ स्थानीय विकास परियोजनाएं
- 206 गांवों में बुनियादी ढांचा
- नए विश्वविद्यालय और स्किल सेंटर
- ग्रीन एनर्जी और सोलर विस्तार





### दिल्ली का हृदयः स्वास्थ्य और समाज कल्याण

*केवल सड़कें ही नहीं, दिल्ली सरकार ने स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में भी निवेश किया है।*
*गुरु गोविंद सिंह अस्पतालः रघुबीर नगर में 172.03 करोड़ की लागत से 472 बेड वाले नए ब्लॉक और डॉक्टर्स हॉस्टल का निर्माण पूरा किया जा चुका है।*
*श्री दादा देव मातृ एवं शिशु चिकित्सालय का निर्माण एवं पुनर्निर्माण 117.78 करोड़ की लागत से पूर्ण किया गया।*
*संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर का निर्माण 53.44 करोड़ की लागत से पूर्ण किया गया।*
*भगवान महावीर अस्पताल का पुनर्निर्माण 65.86 करोड़ की लागत से पूर्ण किया गया।*
*आचार्य श्री भिक्षु अस्पताल का विस्तार/पुनर्निर्माण 94.38 करोड़ की लागत से पूर्ण किया गया।*
*श्रमिक कल्याणः दिल्ली के श्रमिकों के लिए 5 में भोजन की 'अटल कैंटीन' और आयुष्मान भारत के तहत 10 लाख तक का स्वास्थ्य कवर सुनिश्चित किया जा रहा है।*
***GRAP** से प्रभावित कंस्ट्रक्शन वर्कर्स को **Rs**. 10,000 की राहत*
*केवल सड़कें ही नहीं, दिल्ली सरकार ने स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में भी निवेश किया है।*
*गुरु गोविंद सिंह अस्पतालः रघुबीर नगर में 172.03 करोड़ की लागत से 472 बेड वाले नए ब्लॉक और डॉक्टर्स हॉस्टल का निर्माण पूरा किया जा चुका है।*

### मुख्यमंत्री विकास निधिः जहां जरूरत, वहां विकास

1400 करोड़ की मुख्यमंत्री विकास निधि के माध्यम से, 3513 परियोजनाएं,

स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, पार्क, सड़क, जल-स्वच्छता, DDIS पोर्टल से डिजिटल मॉनिटरिंग। यह मॉडल विकास को फाइलों से निकालकर ज़मीन तक लाता है।

### गांव भी अब विकास की मुख्यधारा में

*दिल्ली सरकार ने राजधानी के गांवों को मुख्यधारा के शहरी विकास से जोड़ते हुए एक महत्वपूर्ण पहल की है। दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड (**DVDB**) के माध्यम से 1,700 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई, जिसके तहत 206 गांवों में 705 विकास परियोजनाओं को अमल में लाया जा रहा है। इन परियोजनाओं में सड़कों और नालियों के निर्माण से लेकर चौपालों के सुदृढ़ीकरण और ओपन जिम जैसी आधुनिक सुविधाओं का विकास शामिल है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को भी शहरी सुविधाओं के समान स्तर पर लाया जा सके और संतुलित विकास सुनिश्चित हो सके। यह पहली बार है जब ग्रामीण दिल्ली का विकास योजनाबद्ध तरीके से हो रहा है।*

### सार्वजनिक परिवहन और संस्थागत ढांचा

**DSIIDC** के माध्यम से राजधानी के बुनियादी ढांचे को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इसके तहत **IP** बस डिपो और **Delhi Transport Corporation** (**DTC**) मुख्यालय का अत्याधुनिक पुनर्विकास किया जा रहा है, ताकि परिवहन सेवाओं को अधिक सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाया जा सके। साथ ही, **Delhi Pollution Control Committee** (**DPCC**) के नए मुख्यालय का निर्माण भी किया जायेगा, जो पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में सहायक होगा।
नए बस डिपो तथा एक बड़े स्तर पर चार्जिंग स्टेशन का निर्माण स्तर किया जा रहा है

### बदलती राजधानी, बढ़ता विश्वास

दिल्ली अब केवल देश की राजधानी नहीं, बल्कि विकसित भारत के शहरी मॉडल की प्रयोगशाला बन रही है।
यह परिवर्तन बताता है कि जब विकास का केंद्र नागरिक हो, तो इंफ्रास्ट्रक्चर केवल निर्माण नहीं, बल्कि विश्वास बनता है।
मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में शुरू हुआ यह एक वर्ष का सफर आने वाले वर्षों में दिल्ली को विश्व-स्तरीय, हरित, सुगम और समावेशी महानगर बनाने की दिशा में मील का पत्थर है।

DIP/Shabdarth/Advertorial/0138/25-26

## खबर संक्षेप

### साइबर फ्रॉड नेटवर्क का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने एक बड़े साइबर फ्रॉड केस का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में चार आरोपी गिरफ्तार किये गये हैं। एक अन्य महिला को बाउंड किया गया है। कई राज्यों में एक ऑर्गनाइज्ड इन्वेस्टमेंट व स्टॉक ट्रेडिंग नेटवर्क व्हाट्सएप ग्रुप्स और ट्विटर अकाउंट्स के जरिए चल रहा था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के नाम रिशु गर्ग, अमित गिरी, दीपक जून उर्फ विकास और सुनील कुमार उर्फ यश हैं। इनके अलावा, रेनू गर्ग निवासी जिरकपुर, पंजाब को संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत बाउंड किया गया। एक शख्स से बहुत ज्यादा रिटर्न के भरोसे के साथ स्टॉक में निवेश के बहाने सवा 45 लाख की ठगी की गई थी। जिस महिला को बाउंड किया गया है उसके खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर की गई थी। उसका खाता उसका बेटा रिशु कर रहा था।

### कौशल चौधरी गैंग का शूटर द्वारका से पकड़ा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने कौशल चौधरी गिरोह से कथित रूप से जुड़े 22 वर्षीय एक शूटर को द्वारका क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि संगठित जबरन वसूली की साजिश के तहत उसे बुराड़ी के एक कारोबारी की हत्या का काम सौंपा गया था। शूटर पंजाब के एक रंगदारी के केस में भी लिप्त था। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान भलस्वा डेयरी निवासी कुलदीप सिंह के रूप में हुई है। इसके पास से एक पीएक्स-30 ऑटोमैटिक पिस्तौल, एक 7.65 एमएम की अत्याधुनिक पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद किए गए। जांच अधिकारियों के अनुसार, खुफिया सूचना मिली थी कि विदेश में सक्रिय गैंगस्टर पवन शौकीन और गुरदीप उर्फ 'पाजी' ने अपने स्थानीय नेटवर्क को सक्रिय कर दिल्ली में लक्षित हत्या की योजना बनाई है। पुलिस ने बताया कि सिंह 2024 में पंजाब में पांच करोड़ रुपये की जबरन वसूली और गोलीबारी के एक मामले में कथित रूप से शामिल रहा है। उसे गिरोह का वर्चस्व स्थापित करने और वसूली नेटवर्क का विस्तार करने के लिए बुराड़ी के एक कारोबारी की हत्या का जिम्मा सौंपा गया था।

### अवैध संबंधों के शक में गला घोंटकर हत्या का आरोपी अरेस्ट

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने अवैध संबंध के संदेह में गत वर्ष एक व्यक्ति को नशीला पदार्थ खिलाने के बाद उसकी गला घोंटकर हत्या करने और शव को उत्तर प्रदेश की एक नहर में फेंकने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद नसीम उर्फ मोनू (26) गाजियाबाद का निवासी है और उसे शनिवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पिछले साल जून में जनकपुरी इलाके में मोहम्मद कादिर की हत्या के बाद से फरार था। डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार आरोपी को गत वर्ष सितंबर माह में अदालत ने भगौड़ा अपराधी घोषित भी कर दिया था। मुख्य आरोपी इरफान को संदेह था कि कादिर का उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध है। इरफान और नसीम रिश्तेदार हैं। इरफान ने नसीम और अपने अन्य साथियों के साथ कादिर की पहले शराब में नींद की गोलियां मिलाई और फिर उसका गला घोंट दिया था।

### ड्रोन सर्वे और हाई रिज़ॉल्यूशन इमेजरी से तैयार होगा नया डिजिटल लैंड मैप

# दिल्ली के हर भूखंड को मिलेगा 14 अंकों का विशिष्ट पहचान नंबर : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने दिल्ली के हर भूखंड को 14 अंकों का विशिष्ट पहचान नंबर देने का फैसला किया है। इस नंबर को यूनिक लैंड पार्सल आइडेंटिफिकेशन नंबर (यूएलपीआईएन) कहा जाएगा। इससे जमीन के रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित और व्यवस्थित हो जाएंगे। इस निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस व्यवस्था से जमीन से जुड़े विवाद कम होंगे, पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

यह केवल नंबर नहीं बल्कि भूमि विवाद और गड़बड़ियों के खिलाफ मजबूत डिजिटल हथियार है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' अभियान को आगे बढ़ाने की दिशा में अहम और क्रांतिकारी प्रयास है। इस प्रणाली को 'भू आधार' कहा जाता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में इस प्रणाली को लागू करने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। यह योजना भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय और भूमि संसाधन विभाग की है, जो देश की राजधानी के लिए बेहद आवश्यक है। मुख्यमंत्री के अनुसार, केंद्र सरकार की यह योजना वर्ष 2016 की है, लेकिन पिछली सरकारों द्वारा इसे लागू नहीं किया गया। अब इसे 'मिशन मोड' पर लिया जा रहा है।

इसे लागू करने का जिम्मा राजस्व विभाग की आईटी शाखा को सौंपा गया है, जो भारतीय सर्वेक्षण विभाग से भी सहयोग प्राप्त करेगी। मुख्यमंत्री के अनुसार इस प्रणाली के लागू होने से होने वाले विस्तृत लाभों की बात करें तो यह 'भू आधार' भूमि स्वामित्व में पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। इसका 14 अंकों का कोड भू संदर्भित होगा, जिससे जमीन की सीमाओं को लेकर होने वाले विवादों को न्यूनतम किया जा सकेगा। यह विभिन्न सरकारी विभागों के बीच भूमि डेटा के समन्वय में मदद करेगा और धोखाधड़ी वाले लेन-देन तथा बहु पंजीकरण पर प्रभावी रोक लगाएगा। नागरिकों के लिए इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि उन्हें अपनी जमीन की पहचान के लिए कई दस्तावेजों के चक्कर नहीं लगाने होंगे, एक ही नंबर से जमीन की पूरी जानकारी सामने आ जाएगी।

#### योजना को लागू करने में अत्याधुनिक तकनीक का किया जाएगा प्रयोग

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस योजना को लागू करने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। भारतीय सर्वेक्षण विभाग से करीब 2 टेराबाइट का हाई-क्वालिटी भू-स्थानिक डेटा और ड्रोन से ली गई विशेष तस्वीरें (ऑर्थो रेक्टिफाइड इमेज) ली जा रही हैं। इन आंकड़ों की मदद से दिल्ली के ग्रामीण इलाकों सहित उन सभी 48 गांवों के लिए सटीक यूएलपीआईएन तैयार किए जाएंगे, जो पहले से 'स्वामित्व योजना' में शामिल हैं। इस योजना के लिए पहले जारी किए गए 132.07 लाख रुपये का प्रबंधन भी आईटी शाखा ने ही किया था। अब सरकार एक तय प्रक्रिया (एसओपी) और चरणबद्ध समय सीमा के तहत इसे पूरी दिल्ली में लागू करने की तैयारी कर रही है। इस योजना की सफलता का उदाहरण पश्चिमी जिले के तिलंगपुर कोटला गांव में देखा गया है, जहां पायलट प्रोजेक्ट के तहत 274 यूएलपीआईएन रिकॉर्ड सफलतापूर्वक तैयार किए जा चुके हैं।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उदयपुर के श्री अमरख महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को उदयपुर के अम्बेरी स्थित प्राचीन श्री अमरख महादेव मंदिर में महादेव की पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने महादेव से दिल्लीवासियों के लिए सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। वहीं उन्होंने सभी को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर लिखा कि समस्त दिल्लीवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की अनंत शुभकामनाएं। देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती के मंगल विवाह का यह उत्सव हमारे भीतर छिपे शिवत्व को जागृत करने का महापर्व है। आदिदेव ही चराचर जगत के सृजन, शक्ति और परम चेतना का आधार हैं। भोलेनाथ से प्रार्थना है कि उनका आशीर्वाद हमारे जीवन में सुख-शांति और दिल्ली की सतत प्रगति एवं समृद्धि बनाए रखे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा कि अम्बेरी स्थित प्राचीन श्री अमरख महादेव मंदिर धाम शताब्दियों से तप, वैराग्य और शिव चेतना का जीवंत केंद्र रहा है। महाशिवरात्रि का यह पावन पर्व आत्मा के भीतर शिवत्व के जागरण का अवसर है। शिव ही शून्य है, शिव ही अनंत है, और शिव ही वह आधार है जहां से सृजन, संतुलन और परिवर्तन का प्रवाह प्रारंभ होता है। देवाधिदेव महादेव से प्रार्थना है कि उनका आशीर्वाद दिल्ली और समस्त देशवासियों पर बना रहे, और हम सभी को सेवा और लोक कल्याण के मार्ग पर अडिग रहने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, रविन्द्र इन्द्राज, विधायक अनिल शर्मा समेत भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान के सम्मानित साथी उपस्थित रहे। वहीं कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने भी महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि हर हर महादेव! सभी देशवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। देवाधिदेव महादेव सभी के जीवन में सुख-समृद्धि प्रदान करें। वहीं कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, रविंद्र इंद्राज सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, डॉ. पंकज कुमार सिंह और कपिल मिश्रा ने भी सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।

## एनजीओ ऑनर ने युवक को गला रेत उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- एनजीओ से जुड़ा था मृतक, फाइनेंशियल झगड़ा बना हत्या की वजह

पश्चिमी जिले के हरि नगर में एक एनजीओ ऑनर को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसने एनजीओ के साथ जुड़े शख्स की फाइनेंशियल विवाद में गला रेतकर हत्या की है। पुलिस ने कुछ ही घंटों में केस सॉल्व कर लिया। गिरफ्तार किये गये आरोपी का नाम आशिम अली (46) बताया गया है। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस के अनुसार शनिवार आधी रात के बाद दीन दयाल उपाध्याय हॉस्पिटल से जानकारी मिली कि आधी रात के आसपास हॉस्पिटल लाए गए एक आदमी को मृत घोषित किया गया है। उसकी गर्दन पर चाकू का घाव था। पुलिस टीम तुरंत हॉस्पिटल पहुंची और जांच शुरू की। मरने वाले की पहचान हरीश कंडवाल (46) के रूप में हुई। वह उत्तम नगर का रहने वाला था। एफआईआर दर्ज होने के बाद मामले में एक आरोपी आशिम अली निवासी फराश बाजार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी साईं साधना सोशल वेलफेयर फाउंडेशन नामक एनजीओ का डायरेक्टर है। एनजीओ उसके घर से ही चलाया जा रहा था। शुरुआती जांच से पता चलता है कि यह घटना सीडी ब्लॉक, हरि नगर के पास फाइनेंशियल झगड़े की वजह से हुई। मरने वाला भी एनजीओ में आरोपी के साथ जुड़ा हुआ था। आरोपी और पीड़ित शनिवार दिन में ज्यादातर समय साथ-साथ घूम रहे थे। आगे की जांच चल रही है।

## एक साल में दिल्ली फार्मूला के साथ हम सबने मिलकर प्रदूषण के खिलाफ लड़ा युद्ध : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की भाजपा सरकार के एक साल के कार्यकाल में दिल्ली फार्मूला के साथ हम सबने मिलकर प्रदूषण के खिलाफ युद्ध लड़ा है जिससे हमारा आज और हमारा कल दोनों सुरक्षित और स्वस्थ बन सकें। यह बात रविवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कही। सिरसा ने एक्स पर कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दृढ़ नेतृत्व में एंटी स्मॉग गन, मिस्ट स्प्रे, मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन और वाटर स्प्रिंकलर ने न सिर्फ हवा को साफ किया, बल्कि लाखों परिवारों को नई उम्मीद भी दी। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि आने वाले समय में हमारे मासूम बच्चे स्वच्छ हवा में बिना डर के खेलें और हर परिवार सुकून से सांस ले सके। इसी दिशा में तकनीक के हर संभव उपयोग के साथ दिल्ली सरकार निरंतर और पूरी तत्परता से काम कर रही है। गौरतलब है कि दिल्ली सरकार के दिल्ली फार्मूला की बात करें तो ये फार्मूला मुख्य रूप से वायु प्रदूषण से निपटने की रणनीतियों और 10-सूत्रीय विंटर एक्शन प्लान के इर्द-गिर्द घूमता है। दिल्ली फार्मूला पांच बिंदुओं डी,ई, एल, एच और आई पर आधारित है। इसमें पहला डी-डस्ट कंट्रोल (धूल नियंत्रण), दूसरा ई-इलेक्ट्रिक व्हीकल (इलेक्ट्रिक वाहन), तीसरा एल-लोकल सोर्स मैनेजमेंट (स्थानीय स्रोतों का प्रबंधन),चौथा एच-हॉटस्पॉट्स की मानिटरिंग (हॉटस्पॉट्स की निगरानी) और पांचवां आई-इंस्टीट्यूशनल कोलेब्रेशन (संस्थागत सहयोग) शामिल है। जानकारी के अनुसार सड़कों पर उड़ने वाली धूल दिल्ली में प्रदूषण का एक बड़ा कारण है।

### महाशिवरात्रि पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में धानक समाज ने पावन पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामयी शोभायात्रा का आयोजन किया। शोभायात्रा का शुभारंभ सदर थाना से हुआ तथा यह मोतिया खान, आराकाशा रोड, राम नगर, नबी करीम एवं सिंघाड़ा चौक से होते हुए खारी कुओं पर पहुंचकर विधिवत रूप से संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, समाज के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सांसद, विधायक एवं अन्य वरिष्ठ अतिथि के रूप में सांकेत खनगवाल, बीएसएफ सेवानिवृत्त एसआई रमेश कुमार निर्माण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपने-अपने संबोधन में समाज की एकता एवं धार्मिक आस्था की सराहना की।

### रोहिणी में दोस्त की हत्या में नाबालिग पकड़ा मुख्य आरोपी फरार

**नई दिल्ली।** रोहिणी इलाके में टोपी खींचने को लेकर हुए विवाद के बाद दोस्त की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में एक नाबालिग आरोपी पकड़ा गया है। केस का मुख्य नाबालिग आरोपी अभी फरार है। पुलिस के अनुसार चाकू से वार करने के दौरान मुख्य आरोपी के साथी ने पीड़ित को पकड़ रखा था और घटना के बाद दोनों ने पीड़ित को कथित तौर पर इसकी जानकारी किसी को नहीं देने तथा चोट को दुर्घटनावश गिरने का मामला बताने के लिए दबाव डाला। मामला तब खुला जब घायल लड़के को 11 फरवरी को बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसने शुरू में चिकित्सकों को बताया कि वह अपने घर की छत से लोहे की छड़ पर गिर गया था। लड़के ने 13 फरवरी को दम तोड़ दिया और अगले दिन किए गए पोस्टमार्टम में खुलासा हुआ कि चोट के निशान किसी धारदार हथियार के थे जो हत्या की ओर इशारा करते हैं। इसके बाद विजय विहार थाने में संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने एक नाबालिग को हिरासत में लिया, जिसने खुलासा किया कि तीनों दोस्त थे और आरोपी के साथ वह भी कथित तौर पर इस घटना में शामिल था। पीड़ित और अन्य आरोपी विजय विहार की एक ही इमारत में रहते थे।

### कारोबारी की हत्या में लॉरेंस गैंग के पांच बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बवाना औद्योगिक क्षेत्र में हाल ही में 35 वर्षीय व्यवसायी की हत्या के सिलसिले में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के पांच बदमाशों को आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन बदमाशों को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया, जबकि दो अन्य बाद में दबोचे गये। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने बताया कि प्लास्टिक दाना निर्माता वैभव गांधी की नौ फरवरी को दोपहर करीब 12.50 बजे डीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर चार में स्थित उनकी फैक्ट्री के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमले में चार लोग शामिल थे। हमलावरों ने कथित तौर पर पहले पीड़ित की कार की चाबियां छीनने की कोशिश की और जब उसने विरोध किया तो उसका लैपटॉप बैग जबरदस्ती छीन लिया और फिर उसे करीब से गोली मार दी। घटना के बाद पुलिस ने गांधी की कार से करीब एक करोड़ रुपये भी बरामद किए थे। हत्या के एक दिन बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के नाम से कथित तौर पर जारी एक सोशल मीडिया पोस्ट में हत्या की जिम्मेदारी ली गई थी। 'रणदीप मलिक अनिल पंडित' नाम के एक अकाउंट से की गयी पोस्ट में दावा किया गया था कि हत्या लॉरेंस बिश्नोई, जितेंद्र गोगी मान, हाशिम बाबा और काला राणा सहित कई गिरोहों ने मिलकर करवाई है। पोस्ट में आरोप लगाया गया था कि गांधी गिरोह की गतिविधियों में हस्तक्षेप कर रहा था। जांचकर्ताओं ने यह भी बताया कि मोटरसाइकिल पर आए हमलावरों ने गांधी का करीब 40-50 मीटर तक पीछा किया और कई गोलियां चलाई थी। एक गोली उनकी ठोड़ी पर लगी थी।

### 'लाहौरी प्रथा' के कारण कागज़ों में ही सिमट रहीं सफाई शिकायतें

# निगम का 'एमसीडी 311' ऐप हुआ बेअसर?

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शुरू की गई 'एमसीडी 311' ऐप का उद्देश्य था कि सफाई, कूड़ा उठान, नालों की सफाई और सार्वजनिक स्वच्छता से जुड़ी शिकायतों का पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण हो। लेकिन इन दिनों जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। शिकायतकर्ता बताते हैं कि इस ऐप पर दर्ज शिकायतें अक्सर "निस्तारित" दिखा दी जाती हैं, जबकि मौके पर स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं होता।

इस विफलता के पीछे एक प्रमुख कारण के रूप में सफाई विभाग में प्रचलित कथित 'लाहौरी प्रथा' को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। वहीं, इस मामले में एमसीडी पर्यावरण प्रबंधन सेवा विभाग (डेम्स) समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर का कहना है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे हाजिरी पर जाकर जांच करे और लापरवाही सफाई कर्मियों के खिलाफ नियमानुसार एक्शन ले।

#### क्या है एमसीडी में 'लाहौरी प्रथा'?

स्थानीय स्तर पर 'लाहौरी प्रथा' उस अनौपचारिक व्यवस्था को कहा जाता है जिसमें सफाई कर्मचारी अपनी निर्धारित ड्यूटी स्वयं करने के बजाय किसी अन्य व्यक्ति को कम पारिश्रमिक देकर काम पर लगा देते हैं। कई मामलों में यह भी सामने आता है कि नाममात्र की उपस्थिति दर्ज कराई जाती है, जबकि वास्तविक कार्य किसी अस्थायी या अप्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा किया जाता है या फिर काम होता ही नहीं। इस व्यवस्था के कारण न तो जवाबदेही तय हो पाती है और न ही काम की गुणवत्ता सुनिश्चित हो पाती है। परिणामस्वरूप, क्षेत्र में गंदगी बनी रहती है और शिकायतें केवल आंकड़ों में सिमट कर रह जाती हैं।

#### ऐप की मॉनिटरिंग पर भी सवाल

एमसीडी 311 ऐप पर शिकायत बंद करने के लिए अक्सर फोटो अपलोड करना अनिवार्य होता है, लेकिन कई लोगों का आरोप है कि कई बार पुरानी या भ्रामक तस्वीरें अपलोड कर शिकायतों को बंद कर दिया जाता है। शिकायतकर्ता जब दोबारा उसी स्थान का निरीक्षण करते हैं, तो हालात पहले जैसे ही मिलते हैं। जागरूक नागरिकों का मानना है कि जब तक फील्ड स्तर पर सख्त निरीक्षण, बायोमेट्रिक उपस्थिति और थर्ड-पार्टी ऑडिट जैसी व्यवस्थाएं लागू नहीं की जाएंगी, तब तक तकनीकी समाधान भी प्रभावी नहीं हो पाएंगे।

#### स्वच्छता पर असर, जनता में असंतोष

राजधानी में स्वच्छता को लेकर पहले ही सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में यदि सफाई कर्मियों की ड्यूटी व्यवस्था में पारदर्शिता नहीं होगी, तो ऐप आधारित शिकायत तंत्र भी भरोसेमंद नहीं रह पाएगा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ऐप बनाना अच्छी पहल है, लेकिन जब तक जमीनी स्तर पर कार्य संस्कृति में सुधार नहीं होगा, तब तक सफाई व्यवस्था कागजों तक ही सीमित रहेगी।



**खबर संक्षेप**

### पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** थाना साहिबाबाद पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से चली गोली से एक बदमाश घायल हो गया। बदमाशों के कब्जे से 02 तमंचा, 02 जिंदा कारतूस, 02 खोखा कारतूस व चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद किये गए है। डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि थाना साहिबाबाद पुलिस अपराधिक घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत साहिबाबाद रेलवे स्टेशन के पास अंडर पास के पास चेकिंग कर रही थी। पुलिस पार्टी पर फायर करके भागने लगे पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ व जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश के दाएं पैर में गोली लगी जिन्हें घायल अवस्था जिसे उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया जा रहा हैं। तथा दूसरे को गिरफ्तार कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

### स्कूल में टीचर की पिटाई से छात्र का जबड़ा टूटा

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के भोंडसी में स्नेह विहार स्थित एक स्कूल में पढ़ने वाला आठवीं कक्षा का छात्र



लिक्विड डाइट (तरल आहार) पर रहने को मजबूर है। ऐसा इसलिए क्योंकि आरोप है कि स्कूल में तीन टीचर और प्रिंसिपल ने उसकी इतनी पिटाई की कि उसके जबड़े के जोड़ और दांतों की जड़ों में फ्रैक्चर हो गया। डॉक्टरों ने बच्चे को सलाह दी है कि वह सिर्फ लिक्विड डाइट पर ही रहे। पुलिस ने बताया है कि बच्चे का सेक्टर 10ए स्थित सिविल अस्पताल में ईलाज चल रहा है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया है कि मेडिकल जांच के दौरान बच्चे के बाएं जबड़े के जोड़ और दांतों की जड़ों में फ्रैक्चर पाया गया है, जिसके वजह से चेहरे पर काफी सूजन है।

राज्यपाल बोले- मेले में देशी-विदेशी कारीगरों, बुनकरों, लोक कलाकारों के कौशल, दृढ़ निश्चय व रचनात्मकता की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी

# सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत विजन का जीवंत उदाहरण : राज्यपाल

■ लोकल प्रोडक्ट्स को सही मायने में ग्लोबल प्लेटफॉर्म दे रहा सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजकुंड (फरीदाबाद)



हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने कहा कि सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव पीएम नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत विजन का मजबूत व जीवंत उदाहरण है। यह लोकल से ग्लोबल-आत्मनिर्भर भारत के मंत्र से प्रेरित है। सूरजकुंड मेला एक वाइब्रेंट प्लेटफार्म के तौर पर उभर रहा है। जहां ट्रेडिशन और नवाचार मिलकर काम करते हैं। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष रविवार को 39 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव के समापन अवसर पर अपना संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मेले से ही लोकल शिल्पकारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ग्लोबल पहचान मिली है और प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में सजग है। इससे पहले राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष ने सहकारिता, पर्यटन एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल, मेयर प्रवीण बत्रा जोशी के साथ मेले का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान सभी मेहमानों का आपणा घर पर हरियाणवी पगड़ी से स्वागत किया गया। राज्यपाल ने कला और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिल्पकारों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया। सूरजकुंड शिल्प मेला को भारतीय सभ्यता और संस्कृति विरासत तथा आत्मनिर्भरता की सामूहिक इच्छा को खूबसूरती से प्रदर्शित करने वाला बताते हुए उन्होंने कहा कि यह मेला विविधता में एकता की भावना को बल दे रहा है। उन्होंने कहा कि देश और दुनिया भर के कारीगरों, बुनकरों और लोक कलाकारों के कौशल, दृढ़ निश्चय व रचनात्मकता की झलक मेले में दिखाई दी है। मेले में मिस्र ने चौथी बार पार्टनर नेशन के तौर पर हिस्सा लिया है, जिससे हमारे सांझा सांस्कृतिक और सभ्यता के संबंधों को मजबूती मिली है। वहीं इस बार मेले में थीम स्टेट उत्तर प्रदेश और मेघालय ने भी अपनी वाइब्रेंट लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित कर मेले को बेहतर बनाया है। मेले में 50 से ज्यादा देशो की लगभग 800 कलाकारों और कारीगरों ने हिस्सा लेकर पिछले वर्षों की तुलना में मेले के बढ़ते ग्लोबल रुतबे को मजबूती प्रदान की है। यह मेला पारंपरिक शिल्प के संरक्षण को लेकर अंतरराष्ट्रीय संस्कृति सहयोग को बढ़ावा देने में सहायक है। उन्होंने कहा कि सूरजकुंड मेला दुनिया के संस्कृति और पर्यटन के नक्शे पर अपनी गहरी छाप छोड़ता रहेगा।

### स्थानीय उत्पादों को सही मायने में वैश्विक मंच दे रहा सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प महोत्सव : पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा

*राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष का स्वागत करते हुए सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि सूरजकुंड मेला केवल एक प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक चेतना का उत्सव है। यह वह मंच है जहां परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम दिखाई देता है। यहां हर कलाकृति केवल एक वस्तु नहीं होती, बल्कि उसके पीछे किसी कारीगर की पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा, उसकी मेहनत, उसका सपना और उसकी पहचान जुड़ी होती है। उन्होंने कहा कि सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव आत्मनिर्भरता को मजबूत करने, निर्यात की संभावना को बढ़ाने और स्थानीय उत्पादों को सही मायने में वैश्विक मंच देने में अहम भूमिका निभाता है। शनिवार तक इस मेले में 17 लाख 88 हजार लोगों ने विजिट किया और रविवार को करीब 03 लाख लोग पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मेले की थीम लोकल से ग्लोबल - आत्मनिर्भर भारत की पहचान रही, जो पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की वर्तमान विकास यात्रा का मूल मंत्र है। आज भारत का कारीगर केवल अपने गांव या राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका हुनर वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रहा है। सूरजकुंड मेला इस परिवर्तन का सशक्त प्रतीक बनकर सामने आया है, जहां स्थानीय शिल्प को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक पहुंचाने का अवसर मिला। आज देश में कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्हें कौशल विकास, आधुनिक प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जोड़ने के लिए योजनाएं लागू की गई हैं।*

### वीरगति को प्राप्त हुए शहीद इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद को भावभीनी श्रद्धांजलि

*पर्यटन मंत्री ने मेला परिसर में सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने 7 फरवरी को झूला हादसे के दौरान पर्यटकों की जान बचाते हुए वीरगति को प्राप्त हुए शहीद इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी शहादत सदैव स्मरणीय रहेगी। इस अवसर पर सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा की धर्मपत्नी डा. रीटा शर्मा, पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता, हरियाणा पर्यटन निगम के एमडी पार्थ गुप्ता, उपायुक्त आयुष सिन्हा सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।*

### सूरजकुंड मेले में मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जीता द्वितीय स्थान

*फरीदाबाद। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेला के अंतर्गत आयोजित डांस प्रतियोगिताओं में मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल, संजय कॉलोनी के विद्यार्थियों ने सीनियर वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने मां काली और रक्तबीज की पौराणिक कथा पर आधारित प्रभावशाली नृत्य प्रस्तुति दी। अपनी शानदार अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक संदेश से उन्होंने दर्शकों और निर्णायकों का मन मोह लिया। विद्यालय के चेयरमैन ओपी परमार और प्रिंसिपल जितेंद्र परमार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को भगवानों एवं भारतीय संस्कृति की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रस्तुतियां समाज में जागरूकता फैलाने और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।*

गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत वर्ष में आयोजित रक्तदान शिविर में गोयल बोले

## रक्तदान सेवा, समर्पण और मानवता का श्रेष्ठ संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




सामुदायिक भवन, सेक्टर-15 में फरीदाबाद एस्टेट एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत वर्ष को समर्पित एक विशाल रक्तदान शिविर का सफल एवं गरिमामय आयोजन किया गया। शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों से आए रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर विपुल गोयल ने रक्तदाताओं के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान केवल जीवन बचाने का माध्यम नहीं, बल्कि करुणा, संवेदनशीलता और सामाजिक एकजुटता का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी रक्तदाताओं, आयोजकों एवं सहयोगी संस्थाओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। शिविर का आयोजन एसोसिएशन के अध्यक्ष आकाश गुप्ता के नेतृत्व में किया गया, जिसमें मंत्री राजेश नागर सहित समाज के वरिष्ठ एवं सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने इस पहल को मानवता, सेवा और सामाजिक जागरूकता का प्रेरणादायक उदाहरण बताया।

पंचायत भवन में संचालित हो रहे थे शासकीय विभाग

## 2.36 करोड़ के बकाया प्रॉपर्टी टैक्स पर पंचायत भवन, बल्लभगढ़ को ननि फरी. ने भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ क्षेत्र में स्थित पंचायत भवन पर 2 करोड़ 36 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नगर निगम फरीदाबाद ने पंचायत विभाग को नोटिस जारी कर टैक्स जमा कराने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2004 से 2023 तक पंचायत भवन में उपमंडल स्तर के विभिन्न सरकारी कार्यालय संचालित होते रहे। पंचायत विभाग का तर्क है कि चूंकि भवन का उपयोग अन्य विभागों द्वारा किया गया, इसलिए प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान वही विभाग करें जिन्होंने यहां कार्यालय चलाए। इसी विवाद के चलते टैक्स जमा नहीं हो सका। शुरुआत में भवन पर मात्र 64 हजार रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारित था, लेकिन समय पर भुगतान न होने और ब्याज जुड़ने के कारण यह राशि बढ़कर 2.36 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। नगर निगम का कहना है कि पूर्व में भी कई बार नोटिस जारी किए गए, लेकिन पंचायत विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ताजा कार्रवाई के तहत निगम ने जिला पंचायत एवं विकास अधिकारी तथा जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नोटिस भेजा है। इसकी प्रति उपायुक्त को भी भेजी गई है, ताकि प्रशासनिक स्तर पर मामले का समाधान निकाला जा सके। संयुक्त आयुक्त करण सिंह भगोरिया ने बताया कि बल्लभगढ़ जोन में कुल 16 संपत्तियां ऐसी हैं, जिन्होंने अभी तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं किया है। इन संपत्तियों को नीलामी के नोटिस भी भेजे जा चुके हैं। हालांकि पंचायत भवन के मामले में फिलहाल नोटिस जारी कर भुगतान के लिए कहा गया है। वहीं जिला परिषद फरीदाबाद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिखा ने बताया कि पंचायत भवन के इंचार्ज जिला पंचायत एवं विकास अधिकारी होते हैं, लेकिन वर्तमान में यह पद रिक्त है। ऐसे में इस विषय पर अंतिम निर्णय लेना संभव नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब नए अधिकारी पदभार संभालेंगे, तब तय किया जाएगा कि प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान किस विभाग द्वारा किया जाएगा।

घायलों में एक महिला किसान की स्थिति गंभीर, अस्पताल में भर्ती

## प्रस्तावित डंपिंग ग्राउंड का विरोध कर रहे किसानों पर पुलिस का लाठी चार्ज, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

लोनी के थाना ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मीरपुर हिंदू गांव में रविवार को डंपिंग ग्राउंड का विरोध कर रहे किसानों पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया। इस दौरान पुलिस की किसानों ने साथ तीखी झड़प हुई। लाठीचार्ज में कई किसान घायल हो गए। किसानों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने महिलाओं तक को नहीं छोड़ा। एक महिला किसान गंभीर रूप से घायल हो गई है। बतादें कि मीरपुर हिंदू गांव और आसपास के किसान काफी समय से प्रस्तावित डंपिंग ग्राउंड का विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि डंपिंग ग्राउंड बनने से न केवल पर्यावरण दूषित होगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाएगा। रविवार को जब प्रशासन और नगर पालिका की टीमें डंपिंग ग्राउंड से संबंधित कार्य को आगे बढ़ाने पहुंचीं, तो बड़ी संख्या में महिला और पुरुष किसान वहां एकत्रित हो गए और नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारी किसान काम रोकने की मांग पर अड़े थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस ने पहले किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब प्रदर्शनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं हुए, तो पुलिस ने बल प्रयोग करना शुरू कर दिया। लाठीचार्ज के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। एक महिला किसान पुलिस की लाठियों की चपेट में आकर जमीन पर गिर पड़ी, जिसे सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल महिला को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। लाठीचार्ज की सूचना मिलते ही स्थानीय किसान नेताओं ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हालांकि, पुलिस के आला अधिकारियों ने अभी तक लाठीचार्ज की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

साइबर ठगों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

## एक सप्ताह में 30 साइबर अपराधी गिरफ्तार, 61.52 लाख रु. बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

साइबर ठगों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में 7 फरवरी से 13 फरवरी के बीच चलाए गए अभियान में साइबर थानों की टीम ने 8 मामलों में 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया और 61,52,000 रुपए बरामद किए। पुलिस के अनुसार, साइबर थाना एनआईटी के 3, सेंट्रल के 3 और बल्लभगढ़ के 2 मामलों में गिरफ्तारी हुई। इसके अलावा 343 शिकायतों का निस्तारण करते हुए 26,68,301 रुपये संदिग्ध खातों में फ्रीज कराए गए। गिरफ्तार आरोपियों में अनिल शर्मा, मिर्जा मुस्तफा, परविंदर कुमार, मीनाम सिद्दीकी, इकबाल नासिर खान, तनुज खन्ना, तुषार कुमार, विवेक सिंह, अमजद, प्रशांत यादव, मोहित कुमार, यश मेहना, पुष्कर, इशरार अली, लखदान, राहुल बडोलिया, पवन कुमार, अनिकेत, आदित्य राव, कैलाश पूनिया, मोहनलाल माहिया, अशोक खिलेरी, चौहान, अंकित, वैष्णवी, शिवशंकर, अंशुम, हर्ष, संजय मल्लोराज और कन्हैयालाल शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि इन दिनों टास्क-आधारित ऑनलाइन निवेश, फर्जी रेटिंग जॉब और बैंक कर्मचारी बनकर क्रेडिट कार्ड डिटेल व ह्क लेने जैसे तरीके प्रचलन में हैं।

## वार्ड-1 में 10 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




एनआईटी-86 विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर-1 स्थित राजीव कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने लगभग 10 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार फरीदाबाद के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। परियोजनाओं में राजीव कॉलोनी में नए पार्क का निर्माण, सेक्टर-56 के पार्कों का सौंदर्यकरण, सेक्टर-56ए की 18 व 24 मीटर चौड़ी सड़कों की मरम्मत, सीआईए कार्यालय के सामने छठ घाट का निर्माण तथा चार नए ट्यूबवेल स्थापित करना शामिल है। मंत्री ने अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 2700 करोड़ रुपये की लागत से हाई टेंशन बिजली लाइनों को भूमिगत करने की योजना की शुरुआत एनआईटी क्षेत्र से होगी। साथ ही 250 करोड़ रुपये की लागत से यमुना से सीधी पाइपलाइन द्वारा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की योजना भी लागू की जा रही है। इस अवसर पर विधायक सतीश फागना, पार्षद मुकेश डागर व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया बोले- रोजगार छीनने वाली बीजेपी को देना होगा जवाब

## युवाओं की मांगों को लेकर हल्ला बोल प्रदर्शन करेगी युवा कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




हरियाणा युवा कांग्रेस ने 17 फरवरी को हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) ऑफिस के सामने बड़े प्रदर्शन का ऐलान किया है। इस प्रदर्शन नेतृत्व रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा और भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब करेंगे तथा अंबाला के सांसद वरुण मुलाना समेत प्रदेश के कई विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुख्य रूप में शामिल होंगे। प्रदर्शन के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया ने कहा कि बीजेपी सरकार की युवा विरोधी रोजगार नीतियों ने हरियाणा के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

उन्होंने कहा कि ग्रुप ए और ग्रुप बी नौकरियों में बाहरियों का सेलेक्शन किया जा रहा है। 35 प्रतिशत मिनिमम मार्क्स क्राइटेरिया लगाकर बड़ी संख्या में सीटें खाली छोड़ी जा रही हैं और रिजर्वेशन व्यवस्था पर प्रहार किया जा रहा है। कटारिया ने कहा कि एचपीएससी और एचएसएससी की भर्ती प्रक्रियाएं सालों तक कोर्ट में फंसी रहती हैं, जिससे युवाओं को नौकरी नहीं मिल पाती। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले बीजेपी ने सीईटी क्वालिफाइड उम्मीदवारों को हर महीने 9000 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन आज तक युवाओं को एक पैसा नहीं मिला। युवा कांग्रेस प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ इस तरह से खिलवाड़ नहीं होने देगी और भाजपा सरकार व हरियाणा लोक सेवा आयोग की नीतियों के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन करेगी। यह प्रदर्शन 17 फरवरी को एचपीएससी कार्यालय के सामने किया जाएगा। कटारिया ने कहा कि युवा कांग्रेस की मुख्य मांगों में 35 प्रतिशत मिनिमम मार्क्स क्राइटेरिया खत्म करना, एचपीएससी एग्जाम्स में हरियाणा जीके की वेटेज कम से कम 20 प्रतिशत करना, हर साल भर्ती कैलेंडर जारी करना, सीईटी क्वालिफाइड युवाओं को 9000 रुपए देना, भर्ती विवादों के लिए स्पेशलाइज्ड लीगल सेल बनाना और खाली पदों को री-एडवर्टाइज्ड कर भरना शामिल है। कटारिया ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने युवाओं की मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन पूरे हरियाणा में तेज किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि 17 फरवरी को पंचकूला पहुंचकर बीजेपी सरकार की रोजगार विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल हों। इस अवसर पर में मुख्य तौर पर रविंदर रावल पूर्व मेयर, संजय चौहान जिला अध्यक्ष, मेहबूब प्रदेश उपाध्यक्ष, सुभम नाहर युवा जिला अध्यक्ष, उधम सिंह युवा जिला अध्यक्ष, नितेश रावल जिला अध्यक्ष, जगदीप शर्मा विधानसभा अध्यक्ष, निखिल शर्मा विधानसभा अध्यक्ष, विनोद कुमार, डिप्टी होली, कँवर वीर, पर्मवीर जैन, शुभम वर्मा सहित मौजूद रहे।

तीनों मामलों में पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा

## माता-पिता की डांट के बाद तीन नाबालिगों ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद में बीते दिनों सामने आई तीन अलग-अलग घटनाओं ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। मोबाइल फोन और पढ़ाई को लेकर अभिभावकों की डांट से नाराज तीन नाबालिगों द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामलों ने परिवारों के साथ-साथ समाज को भी गंभीर सोच में डाल दिया है। पहली घटना पर्वतीय कॉलोनी क्षेत्र के भडाना चौक के पास की है। यहां 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा पड़ोस में रहने वाले युवक से मोबाइल पर चैट करती थी। बताया गया है कि उसकी मां ने चैट देख ली और उसे फटकार लगाते हुए भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत दी। परिवार के अनुसार, डांट से आहत किशोरी ने रात में अपने कमरे में चुन्नी से फंदा लगाकर जान दे दी। दूसरा मामला सेक्टर-58 स्थित राजीव कॉलोनी का है। हाथरस की रहने वाली एक किशोरी अपनी बुआ के घर आई हुई थी। उसकी इंस्टाग्राम के जरिए एक युवक से पहचान हुई थी और वह उससे फोन पर बात करती थी। पिता ने फोन पर डांट लगाई। पिता की फटकार से आहत होकर उसने भी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। तीसरी घटना पल्ला थाना क्षेत्र की है, जहां 11 वर्षीय बच्चे को उसके पिता ने बाहर खेलने के बजाय पढ़ाई पर ध्यान देने को कहा था। इसी बात से नाराज होकर बच्चे ने भी फांसी लगा ली।

तीन मेहमान आपस में उलझे

## रिसेप्शन पार्टी में बवालः डांस विवाद से मारपीट, तोड़फोड़, हुई फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सूरजकुंड रोड स्थित जन्नत वैली फार्म में आयोजित एक रिसेप्शन पार्टी हाईवोल्टेज ड्रामे में बदल गई। तेज संगीत पर डांस को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट, तोड़फोड़ और फायरिंग तक जा पहुंचा। गांव मेवला महाराजपुर निवासी राहुल, जो एक सुरक्षा एजेंसी संचालक हैं, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी एजेंसी को फार्म की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया था। रात में दिल्ली निवासी सुरेश के बेटे की रिसेप्शन पार्टी चल रही थी।

समारोह के दौरान सुमित गुप्ता, नितिन गुप्ता और संजीव नामक तीन मेहमान तेज आवाज में संगीत पर डांस करने को लेकर आपस में उलझ पड़े। सुरक्षा कर्मियों ने स्थिति संभालने की कोशिश की, लेकिन आरोप है कि तीनों ने गार्डों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद फार्म हाउस में जमकर तोड़फोड़ की गई और कई शीशे तोड़ दिए गए। माहौल तनावपूर्ण हो गया और अफरातफरी मच गई।शिकायत के अनुसार, जब राहुल ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपित संजीव ने पिस्टल निकालकर उन पर गोली चला दी। गनीमत रही कि वह बाल-बाल बच गए। घटना के बाद मौजूद लोगों ने किसी तरह स्थिति को काबू में किया। पुलिस ने राहुल की शिकायत पर तीनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आरोपी दिल्ली के कालकाजी क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। उनकी तलाश जारी है और पुलिस का कहना है कि जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

